उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक उड्डयन अनुभाग

संख्या: 55/2018/1061/छप्पन-2018-33/08

लखनऊ: दिनांक: 24 मई, 2018

सचिव, मुख्यमंत्री,

मुख्यमंत्री घोषणा प्रकोष्ठ,

उत्तर प्रदेश शासन।

सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री घोषणा प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-मुमस/131/चौंतीस/घोषणा/2017/वाई.ए.एन.-17/2017 दिनांक 27 अक्टूबर, 2017 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आपके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर, 2017 को जनपद चन्दौली में की गई निम्न घोषणा की सूचना उपलब्ध कराई गई है:-

**विकास खण्ड-चोलापुर, तहसील-सदर, जनपद-वाराणसी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु नागरिक उड्डयन विभाग की भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।**

2- उपर्युक्त घोषणा के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय के अनुपालन में ग्राम भन्दहा कला, परगना कटेहर, तहसील सदर, जनपद वाराणसी हवाई पट्टी के नाम दर्ज भूमि में से केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु 4.200 हैक्टेयर भूमि का माध्यमिक शिक्षा विभाग को हस्तान्तरण करने हेतु शासनादेश संख्या-37/2018/614/छप्पन-2018-33/08 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 (छायाप्रति संलग्न) निर्गत किया गया।

3- जिलाधिकारी, वाराणसी के पत्र संख्या-4653/सात-भू0सु0/2018, दिनांक 19 मई, 2018 (छायाप्रति संलग्न) में अवगत कराया गया है कि मा0 मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुक्रम में ग्राम भन्दहां कलां, परगना कटेहर, तहसील सदर, जिला वाराणसी में हवाई पट्टी के नाम दर्ज भूमि में से 23 गाटा, रकबा 4.200 हैक्टेयर पर से हवाई पट्टी का नाम निरस्त कर केन्द्रीय विद्यालय माध्यामिक शिक्षा विभाग का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर दिया गया है।

4- उपर्युक्त से स्पष्ट है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई उक्त घोषणा की पूर्ति नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा की जा चुकी है। अत: अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त घोषणा को लम्बित घोषणाओं की सूची से विलोपित करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

सूर्य पाल गंगवार

विशेष सचिव

2/..

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृ0सं0- 55/2018/1061(1)/छप्पन-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. आयुक्त, वाराणसी मण्डल, वाराणसी।
3. जिलाधिकारी, वाराणसी।
4. निदेशक, भूमि अध्यासि, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
5. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व/भूमि अध्यासि अधिकारी, वाराणसी।
7. डिप्टी कमिश्नर, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी।
8. विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
9. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0।
10. माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-10
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।